## आइआइटी इंदौर में लगाया बापू खगोल मेला

# यूनिवर्स में सूर्य-चंद्रमा सहित सबको कुछ नियम मानना पड़ते हैं



पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ◆ महात्मा गांधी ने कहा था कि इस यूनिवर्स में सबको, यहां तक कि सूर्य और चंद्रमा को भी कुछ नियम मानने पड़ते हैं और इन नियमों की अवहेलना करने पर यह यूनिवर्स एक पल भी नहीं चल सकता। यह विचार 1930 में साबरमती आश्रम में दैनिक प्रार्थना सभा में व्यक्त किए थे। महात्मा गांधी की खगोल विज्ञान में रुचि के मद्देनजर आइआइटी इंदौर ने स्कूली बच्चों के लिए बापू खगोल मेला लगाया। नेहरू प्लेनेटोरियम और नेहरू मेमोरियल म्यूजियम के सहयोग से महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर किया गया।

बच्चों के सामने आइआइटी स्टूडेंट्स ने खगोल विज्ञान में कुछ प्रेजेंटेशन दिए। रोचक जानकारियां भी दीं। बच्चों ने टेलीस्कोप के जरिये सितारों को देखा, पृथ्वी सहित अन्य नक्षत्रों के आकार और उनकी गतियों को जाना। पृथ्वी के घूमने की गति और समय के अनुसार दिन-रात, वर्ष की गणना और पृथ्वी के मौसम में आने वाले अंतर को समझा।

Patrika (Indore), 5th December 2018, Patrika Plus, Page-13